पुत्र की पहचान से पिता को हो गर्व : पं.धीरेन्द्र शास्त्री

श्रीमद् भागवत में शामिल हुए मंत्री राकेश शुक्ला,आज शामिल होंगें सिंधिया, लगेगा दिव्य दरबार

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 26 नवम्बर। कर्म ऐसे भी करों कि पुत्र के कार्यों से उसके पिता को गर्व हो, आप किसी भी क्षेत्र में कार्य करते हों लेकिन वह कार्य हमेशा ऐसे होना चाहिए जिससे आप अपने पिता की पहचान नहीं बल्कि आपके पिता स्वयं आपके नाम की पहचान से जाने जाए, जीवन में सुख-दु:ख जब आए तो भगवान का स्मरण हमेशा दु:ख में करना चाहिए। जीवन-मरण, सुख-दु:ख और मनुष्य जन्म की इस सार्थकता पर बड़े ही सरल शब्दों में प्रकाश डाला प्रसिद्ध श्रीबागेश्वरधाम पीठाधाश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने जो स्थानीय श्रीमती ऊषा-रामप्रकाश गुप्ता, श्रीमती शिल्पी-कपिल गुप्ता कपिल मोटर्स परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से प्रेरणादायी आर्शीवचन प्रदान कर रहे थे। कथा में विशेष रूप से मप्र शासन के कैबीनेट मंत्री राकेश शुक्ला सहित साधु-संत एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने आयोजन में सहभागिता की और कथा यजमान परिजनों के द्वारा सर्वप्रथम श्रीमद् भागवत पूजन किया गया तत्पश्चात कैबीनेट मंत्री शुक्ला सहित अन्य अतिथियों ने पूज्य गुरूदेव पं.धीरेन्द्र शास्त्री के शरणागत होकर आर्शीवाद ग्रहण किया। कथा में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे जिन्हें समुचित व्यवस्थाओं के साथ कथा श्रवण का धर्मलाभ प्राप्त हुआ।श्रीमद् भागवत कथा के प्रेरणास्त्रोत गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्गदर्शन में यह भव्य और दिव्य आयोजन संभव हो सका, गुरूदेव के भव्य दिव्य दरबार का आयोजन भी कथा के दौरान आज 27 नवम्बर को कथा स्थल पर हो रहा है जिसमें स्वयं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी शामिल होंगें शहर के नर्सरी ग्राउण्ड हवाई पट्टी के पीछे स्थित कथा स्थल प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर भव्य श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा तो वहीं ठाकुर जी के इस जन्म अवसर पर पूज्य गुरूदेव श्रीबागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा भव्य और दिव्य दरबार भी लगाया जाएगा जिसमें दोप.12 बजे से कथा स्थल पर इस आयोजन की रूपरेखा तय की गई है जिसमें शामिल सभी श्रद्धालुओं के दु:खों को दूर करते हुए ईश्वर के प्रति मार्ग प्रशस्त किया जाएगा, इस दिव्य दरबार को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा भी व्यापक व्यस्थाऐं कथा स्थल पर की जा रही है। सभी धर्मप्रेमीजन इस दिव्य दरबार में सपरिवार शामिल हो और भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह उल्लास के साथ मनाते हुए पूज्य गुरूदेव पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की ओजस्वी वाणी में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य करें। पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से वर्तमान समय में कलयुग के प्रभाव को बड़े ही सरल शब्दों में समझाया गया और कहा कि निश्चित रूप से आज का समय भले ही कलयुग का हो लेकिन इस कलयुग में भी मानव जीवन का कल्याण भगवान का नाम लेने से ही किया जा सकता है, समान भाव से रहे और सभी एक साथ एक परिवार के रूप में रहें ऐसे परिवार पर कभी कलयुग का प्रभाव नहीं होगा। कथा में भगवान शिव विवाह प्रसंग को लेकर नाचते-गाते हुए शिव भक्ति की गई और शिव-पार्वती विवाह को लेकर कथा का वृतांत श्रवण कराया गया।

भारतीय संविधान राष्ट्र की आत्मा है : अवस्थी

नवभारत न्यूज
बदरवास, 26 नवम्बर। गहन अध्ययन और लंबे परिश्रम के पश्चात निर्मित हुए विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान को अंगीकृत करने का ऐतिहासिक दिन संविधान दिवस के रूप में बदरवास के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को भारतीय संविधान, संविधान दिवस, संवैधानिक जागरूकता, लोकतंत्र और राष्ट्रभक्ति भावना के बारे में बताया गया। संविधान दिवस पर छात्राओं को भारतीय संविधान के बारे में बताते हुए वरिष्ठ शिक्षक गोविन्द अवस्थी ने कहा कि 26 नवंबर का दिन भारत के इतिहास में सुनहरा अध्याय है। इसी दिन 26 नवंबर 1949 को कठिन परिश्रम और गहन अध्ययन तथा सुव्यवस्थित रूप से राष्ट्र संचालन के लिए निर्मित सर्वोत्तम हमारे संविधान को संविधान सभा द्वारा अंगीकृत किया गया था। भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज और भारत की आत्मा है जो हमें अधिकार, कर्तव्य, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के लिए प्रेरित करता है। संविधान ने ही भारत को एक संपूर्ण, प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया है।अवस्थी ने कहा कि संविधान के प्रति आस्था रखते हुए राष्ट्रहित में देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि राष्ट्र एकता और अखंडता में सदैव अपनी जिम्मेदारी निभाए। इस अवसर पर चंद्रभान श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, बसंती मिंज, उदयसिंह रावत, डॉ ममता यादव, राजेश मिश्रा, शैलेंद्र भदौरिया, हरवीर यादव, निर्मला शर्मा, दलवीर सिंह, हितेंद्र कुशवाह, नावेद अली, दीपिका चतुर्वेदी सहित सैकड़ों के संख्या में छात्राओं ने संविधान के उद्देशिका की शपथ ली।

इतिहास की चीजें हमारे लिए सबक

मेडिकल कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस, दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 26 नवम्बर। चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में बुधवार को डीन डॉक्टर डी परमहंस के मार्गदर्शन, कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष डॉक्टर राजेश अहिरवार के नेतृत्व में शासन के निर्देशन में राष्ट्रीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही भारत के संविधान के तहत उद्देश्यिका पत्र का वाचन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर्स के साथ ही कार्यक्रम में एमबीबीएस छात्र छात्राओं ने भी अपने - अपने विचार व्यक्त किए

कार्यक्रम के दौरान डीन डॉक्टर डी.परमहंस ने संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास की चीजें हमारे लिए सबक होती है, जिन्होनें इतनी कठिन परिस्थितियों में संविधान का निर्माण किया उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है। भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया था। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सालय अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत राखोन्डे, एनोटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. ईला गुजारिया, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश अहिरवार, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर, विभागाध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष डॉक्टर पंकज शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉक्टर नीलेश श्याम चव्हाण, विभागाध्यक्ष डॉक्टर शिल्पा अग्रवाल, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अविनाश, सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना, वरिष्ठ चिकित्सक शिक्षक, जूनियर - सीनीयर डॉक्टर्स सहित एमबीबीएस छात्र-छात्राओं, पैरामेडिकल छात्र - छात्राओं, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य स्टाफ उपस्थित हुए।

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना में अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 26 नवम्बर। पीएम जनमन आवास योजनान्तर्गत शासन द्वारा 31 दिसंबर 2025 तक आवास पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण कार्य में शून्य प्रगति वाले 14 नोडल अधिकारियों के विरूद्ध आगामी आदेश तक वेतन रोके जाने की कार्यवाही की गई है।

सीईओ श्री राज ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जनमन आवास योजनान्तर्गत 14 नोडल अधिकारियों की प्रगति 16 नवम्बर से 25 नवम्बर 2025 तक शून्य है, उक्त अधिकारियों का वेतन, मानदेय आहरण आगामी आदेश उपरांत ही किया जाए। जनमन आवास योजनान्तर्गत नोडल अधिकारियों को आवंटित पंचायतों के प्रभार का परिवर्तन नहीं किया जाए। यदि 15 नवम्बर 2025 के बाद पंचायतों का प्रभार बदला गया है तो उक्त आदेश को निरस्त करते हुए प्रभार यथावत रखा जाए। जिस भी नोडल अधिकारी का लक्ष्य पूर्ण हो गया है अथवा बेहद कम लक्ष्य शेष है तो उनको बड़े लक्ष्य वाली पंचायतों मे अतिरिक्त नोडल अधिकारी बनाया जाए। नोडल अधिकारी की अवकाश स्वीकृति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अनुशंसा उपरांत ही जाए। सभी विकासखंड समन्वयक आवास प्रतिदिन नोडलवार जानकारी एक्सेल शीट में एवं मंगल फॉण्ट मे तैयार कर पीएमएवॉयजी ग्रुप में प्रेषित करेगे।

सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों से अपेक्षा की जाती है कि वह प्रतिदिन नोडल अधिकारियों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में लक्ष्य पूर्ति किया जाना सुनिश्चित करेगे। शून्य प्रगति वाले 14 नोडल अधिकारियों में जनपद पंचायत कोलारस के एडीईओ राकेश चौबे, सहा. ग्रेड-2 गोपाल कृष्ण शर्मा एवं एपीओ मनरेगा सुबोध दीक्षित, जनपद पंचायत करैरा के उपयंत्री ज्योति स्वरूप, जनपद पंचायत शिवपुरी के सोशल ऑडिट वी.सी. दिनेश जोहरी, पीसीओ मुकेश पाराशर, उपयंत्री रविन्द्र जैन, उपयंत्री संदीप मीणा, जनपद पंचायत नरवर के पीसीओ रामदास गिल, पीसीओ फूलसिह माहोर, वी.सी. एसवीएम अजय यादव, जनपद पंचायत खनियाधाना के पीसीओ दिनेश गुप्ता, उपयंत्री पंकज जाट एवं पीसीओ राकेश कुमार गुप्ता शामिल है।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी का निर्वाचन कल

शिवपुरी। कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शिवपुरी के अध्यक्ष के निर्देशानुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की नवीन प्रबंध समिति का पुनर्गठन के निर्वाचन एवं साधारण सभा की बैठक 28 दिसम्बर को प्रात: 10 बजे रेडक्रॉस भवन कल्याणी धर्मशाला शिवपुरी में निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम दिनेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस दौरान 28 दिसम्बर को आमसभा बैठक, आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का अवलोकन, तथा निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

ग्रीन शिवपुरी क्लीन शिवपुरी अभियान में छात्रों की अनूठी पहल

शिवपुरी। शहर को स्वच्छ, हरा-भरा और पर्यावरण संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से हैप्पीडेज स्कूल के छात्रों ने एक अनुठी पहल करते हुए सड़कों पर उतरकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के एमसीओपी 6 (मॉडल कॉन्फरेंस ऑफ पार्टीज 6) कार्यक्रम से प्रेरित यह अभियान छात्रों के उत्साह, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। फिजिकल कॉलोनी शिवपुरी में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों ने अत्यन्त प्रभावशाली तरीके से बताया कि धरती पर जीवन इसलिए संभव है क्योंकि यहाँ पेड़-पौधे हैं यदि इन्हें न बचाया गया तो मानव जीवन संकट में पड़ जाएगा। बच्चों ने अपने नाटक में दिखाया कि प्लास्टिक में भरा कचरा सड़क पर फेंकने से गाय जैसे पशु मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। इस प्रस्तुति को देखकर उपस्थित लोगों ने शहर को स्वच्छ रखने की शपथ ली तथा डस्टबिन के उपयोग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। जुलाई महीने मे वेस्ट मेनेजमेंट डिस्पोजल पर एक विशेष वर्चुअल वर्कशॉप आयोजित की गई जिसमें छात्रों को रीयूज, रिड्यूस, रिसाईकल की अवधारणा, ऑर्गेनिक खाद बनाने के तरीके और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। वर्कशॉप के बाद बच्चों ने एक सुनियोजित एक्शन प्लान तैयार किया और फिजिकल कॉलोनी के 20 घरों को अपने साथ जोड़ा और वहाँ जाकर उन्हें पेड़ पौधे लगाने का महत्व, गीले व सुखे कचरे को अलग रखना, घर के कचरे से खाद बनाने के तरीके बताए। इस पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में हैप्पीडेज स्कूल की संचालिका श्रीमती गीता दीवान, प्राचार्या श्रीमती अंजु शर्मा, शिक्षकगण और स्टॉफ के अन्य सदस्य मौजूद रहें। उन्होंने बच्चों की जागरूकता, रचानात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। हैप्पीडेज स्कूल का यह प्रयास न केवल छात्रों में नेतृत्व और पर्यावरण चेतना को बढ़ाता है बल्कि शिवपुरी को ग्रीन एवं क्लीन बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

बस स्टैंड से चोरी गई पल्सर मोटर साइकिल बरामद आरोपी को गिरफ्तार किया

सबलगढ़। रामपुर पुलिस द्वारा चोरी की पल्सर मोटर साइकिल बरामद कर चोर को गिरफ्तार किया गया है थाना प्रभारी राम मंत्र गुप्ता द्वारा बताया गया कि फरियादी सतीश जादौन की पल्सर मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया था इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले और दिनांक 25 नवंबर 2025 को सलमपुर रोड पर दबिश देकर आरोपी बैजनाथ रावत पुत्र ठाकुरलाल रावत निवासी नगावनी को गिरफ्तार किया गया।

अपहरण कर नाबालिग लड़की से बलात्कार ,आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
बदरवास, 26 नवम्बर। शिवपुरी जिले के बदरवास थानाक्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण के बाद बलात्कार की घटना सामने आई है. इस मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पास्को एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया था.पुलिस ने बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार 30.10.25 को फरियादी पिता निवासी ग्राम बण्डखेडा थाना बदरवास में रिपोर्ट कि मेरी लड़की उम्र 16 साल की बिना बताये दिनांक 28-29.10.2025 की दरम्यानी रात्रि में कहीं चली गई है जिस पर पुलिस ने अप.क्र. 297/2025 धारा 137 (2) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना की गई विवेचना के दौरान अपहर्ता उम्र 16 साल को विकास नगर दिल्ली से दिनांक 24.11.2025 को समक्ष उसके पिता तथा माँ के दस्याब किया गया तथा अपहर्ता के कथन लिये गये तो अपहर्ता ने अपने कथनों में सत्यभान गुर्जर द्वारा शादी की कहकर भगा ले जाना तथा पति - पत्नि के रूप मे रखना बताया जिसके तहत धारा 64(2)द्व, 87, बीएनएस 5(रु) / 6 पास्को एक्ट 3(1) (ङ्क) (द्व), 3 (2)1 एससी - एसटी एक्ट कायमी की गई, दिनांक 26.11.2025 को आरोपी सत्यभान पुत्र रामचरण गुर्जर उम्र 20 साल निवासी ग्राम प्रतापपुरा थाना रिठोरा जिला मुरैना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। पुलिस अधीक्षक अमनसिंह राठौड़ द्वारा प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये मुस्कान अभियान के तहत अपहर्ता बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देश दिये गये थे इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी कोलारस संजय मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी बदरवास निरी. रोहित दुबे द्वारा थाना बदरवास की पुलिस टीम गठित कर अपहर्ता को दस्तयाब कर आरोपी सत्यभान गुर्जर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इनकी रही भूमिका-थाना प्रभारी निरी. रोहित दुबे, उनि रंगलाल मेर, सउनि सतेन्द्र सिंह जादौन, सउनि जगदीश पारासर, सउनि राकेश शिवहरे, सउनि गोपाल बाबू, आर. सदन भिलाल आर. राहुल परिहार, म आर. पूजा शर्मा की मुख्य भूमिका रही।

होटल, ढाबों पर आबकारी विभाग की औचक छापामार कार्यवाही

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 26 नवम्बर। अवैध शराब के विक्रय को लेकर जिला आबकारी विभाग के द्वारा उपायुक्त आबकारी, संभागीय उडनदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग वृत्त प्रभारी पोहरी राहुल गुप्ता के द्वारा आबकारी टीम के साथ मिलकर होटल, ढाबों पर औचक छापामार कार्यवाही की गई जहां 7 प्रकरण बनाए गए। जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी, संभागीय उडनदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा द्वारा सतत् कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध शुभम दांगोड़े, जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में जिले के वृत्त पोहरी क्षेंत्रातर्गत राहुल गुप्ता आबकारी उप निरीक्षक द्वारा आबकारी बल के साथ मिलकर क्षेत्र में बड़ापुल के पास, विभिन्न ढाबों में दबिश दी जाकर कुल 20 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 500 कि.ग्रा. लहॉन(मौके पर नष्ट) जप्त कर म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत छापामार कार्यवाहियों में कुल 07 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। आबकारी विभाग की इस कार्यवाही से अवैध शराब माफियाओं में हड़कंप की स्थिति निर्मित है और लगातार औचक छापामार कार्यवाही के साथ आगे भी लगातार इस तरह कार्यवाही की जाएगी। जिला आबकारी विभाग ने इस तरह के अवैध शराब कारोबार करने वालों को सख्त चेतावनी दी है।

स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन कर निकाली रैली

कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 26 नवम्बर। आमजन को बिजली के भारी बिलों का सामना न करना पड़े इसे लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस पार्टी ने जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया और इस संदर्भ में माधव चौक से कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर रविन्द्र चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पोहरी विधानसभा से विधायक कैलाश कुशवाह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि यह स्मार्ट मीटर जनविरोधी है और आमजन पर आर्थिक लूट है जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी इसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया और इन स्मार्ट मीटरों का न लगाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की। विधायक कैलाश कुशवाह ने कहा कि आमजन के पुराने मीटर सही काम कर रहे हैं, फिर भी शासन प्रशासन के द्वारा पुलिस बल के दबाव में स्मार्ट मीटर जबरन थोपे जा रहे हैं, जो आम उपभोक्ता की जेब पर सीधा प्रहार है। इन स्मार्ट मीटरों को लेकर ही कांग्रेस पार्टी ने जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली निकाली और स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेसजन नपा नेता प्रतिपक्ष श्रीमती शशि शर्मा, साहब सिंह कुशवाह, राजकुमार शाक्य, एड पंकज आहूजा, योगेश करारे, सीटू सड़ेया, पार्षद संजय गुप्ता पप्पू, अनिल शर्मा उत्साही, चंद्रकांत शर्मा मामा, सिद्धार्थ सिंह चौहान, सत्यम सिंह चौहान,पार्षद बाईसराम धाकड़ आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। इस दौरान सभी कांग्रेसजनों ने हाथों में स्मार्ट मीटर का विरोध दर्ज करते हुए हाथों में तख्तियां लेकर विरोध किया।

यह बताया ज्ञापन में-

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कलेक्टर को सौंपे को ज्ञापन में बताया कि राज्य में 1 करोड़ 77 लाख नला 74 हजार बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के लाखों लोग शामिल हैं। इसी प्रकार से शिवपुरी में कुल 1.23 लाख उपभोक्ताओं में से 47 हजार शहरी हैं, और 5 हजार 789 घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। शासन का 2028 तक सभी पर मीटर अनिवार्य करने का फैसला तुगलकी फरमान है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

मुख्य अतिथि रंजना चतुर्वेदी ने सबके साथ किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 26 नवम्बर। शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में दिनाँक 26 नवंबर को संविधान दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती रंजना चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, स्वामी विवेकानंद एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यर्पण कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा संविधान की प्रस्तावना का विद्यार्थियों एवम महाविद्यालय सदस्यों के साथ वाचन किया गया। कार्यक्रम में विधि संकाय के जोया जाफरी, मंजरी शर्मा, अलास्का भार्गव, अंजली जाटव, रिंकी मौर्य, एवम बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा छाया अहिरवार द्वारा संविधान दिवस पर अपना व्याख्यान दिया गया। विधि संकाय की विद्यार्थी मंजरी शर्मा द्वारा संविधान की उत्पत्ति एवम उसकी वर्तमान समय तक की यात्रा पर बनाई गई एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया जिसे मुख्य अतिथि एवम अन्य सभी मौजूद लोगों द्वारा बहुत सराहा गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा वर्तमान में सोशल मीडिया से संबंधित जागरूकता फैलाने संबंधी विषय पर एक एकांकी का मंचन किया गया। विधि विषय से संबंधित एक क्विज प्रो जे पी श्रीवास्तव, प्रो जितेंद्र तोमर, प्रो जितेंद्र गौतम द्वारा करवाई गई।कार्यक्रम के अंत में प्रो पुनीत कुमार एवम प्रो महेंद्र कुमार द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। समस्त कार्यक्रम विधि विभाग प्रमुख प्रो दिग्विजय सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रो पल्लवी शर्मा गोयल द्वारा किया गया।

जनपद पंचायत में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

सबलगढ़। संविधान दिवस 26 नबम्बर 2025 के उपलक्ष में प्रतावना वाचन रिले एवं अन्य कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत सबलगढ़ में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय जनपद अध्यक्ष सुनीता अतरसिंह रावत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ललित चौधरी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी किशन वालोठिया, सहायक लेखा अधिकारी रमेश यादव एवं आजीविका मिशन की दीदीयां और जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम में संविधान दिवस की शपथ प्रस्तावना वाचन का प्रसारण पंचायती राज मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर किया गया।

शैक्षणिक संस्थानों की जांच करने टीम गठित

मुरैना, 26 नवंबर। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने पुलिस अधीक्षक के पत्र के आधार पर नगर में संचालित इंस्टीटयूट, कोचिंग संस्थान एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों की जांच हेतु अधिकारियों का दल गठित किया है। जिसमें जीवाजी गंज, मिल एरिया रोड, महाराजपुर रोड, नैनागढ़ रोड, वनखंडी रोड पर संचालित इंस्टीटयूट के निरीक्षण हेतु दल इस प्रकार बनाये गये हैं। दल में एसडीएम मुरैना, अनुभागीय अधिकारी पुलिस, नगर निगम आयुक्त, जिला शिक्षाधिकारी मुरैना, डीपीसी, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, स्टेशन रोड मुरैना शामिल है।

उज्जवला 3.0 योजना से जनजातिय परिवार वंचित न रहें मुरैना। जिला खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालक उपस्थित थे। बैठक में उज्ज्वला योजना 3.0 के संबंध में विस्तार से निर्देश दिये और विभागीय अधिकारियों और गैस कंपनियों के सेल्स ऑफिसर तथा समस्त गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया।